पीपल्दा विधायक ने किसानों सहित धरनास्थल पर भूख हड़ताल की

इटावा (निसं)। किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी कार्यालय इटावा के बाहर चल रहे अनिश्चितकालीन धरने के चौथे दिन पीपल्दा विधायक चेतन पटेल ने किसानों सहित धरना स्थल पर भूख हड़ताल की।

वही किसानों की मांगों को लेकर आज इटावा के बाजार बंद रहेंगे। इस दौरान विधायक चेतन पटेल ने कहा कि सरकार को किसानों को अतिवृष्टि के बाद संपूर्ण रुप से फसलों नुकसानग्रस्त मानकर इसका मुआवजा पीपल्दा विधानसभा क्षेत्र के किसानों को जल्द से जल्द देना चाहिए। वहीं आज देवउठनी एकादशी पर पीपल्दा का किसान आज दिवाली पर मिठाई खाने की जगह किसान अनिश्चितकालीन धरना कर भूखा प्यासा रहकर अनशन करने को मजबूर है। किसान अपने अधिकारों के लिए लड़ रहा है।

भाजपा सरकार ने बेशर्मी की सारी हठधर्मिता पार कर दी। सरकार की संवेदनाएं मर चुकी, शासन प्रशासन अंहकारी हो चुका है। किसानों के अधिकारों का यह आंदोलन धीरे धीरे बड़ा रुप ले रहा है। किसानों के पास अपने अधिकारों और मांगों को मनवाने का एकमात्र रास्ता आंदोलन ही बचा है। इसी किसान अधिकार आंदोलन को आगे की दिशा देते हुए 3 नवंबर सोमवार को किसानों द्वारा अपनी मांगों के समर्थन में सम्पूर्ण इटावा बंद का आव्हान किया है।

धरने में चौथे दिन बड़ी संख्या में किसानों ने भूख हड़ताल की। जब तक किसानों की मांगों को पूरा करने की दिशा में सरकार कोई मजबूत कदम नही उठाती तब तक किसान अधिकारों का आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर विधायक चेतन पटेल के साथ अनशन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ओमप्रकाश बैरवा, मंडल अध्यक्ष अयाना जुगल कटारिया, नवीन शर्मा अयाना, हर्षित गुर्जर 'जौनी', दिनेश मीणा मंडल अध्यक्ष, शाहिद कसूरी, यशवंत धाकड, पवन सरदार, नवीन शर्मा, हंसराज नागर, शिवप्रकाश नागर, चंचल नागर, रिंकू नागर, सोनु मीणा, पृथ्वीराज मीणा, केदारलाल मीणा पूर्व सरपंच, हरिप्रकाश मीणा , मनीष मीणा, कौशल मीणा, पीताम्बर मीणा , चेतन मीणा , अवधेश मीणा, प्रदीप नागर सहित क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

80 किलो डोडा-चूरा व एमडी (मेफैड्रोन) सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

■ नारकोटिक्स टीम ने दो अलग-अलग कार्यवाही की

कोटा, (निसं)। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी व तस्करो की धरपकड़ के लिये केन्द्रीय नारकोटिक्स टीम की ओर से चलाये जा रहे मादक पदार्थ विरोधी अभियान के तहत नारकोटिक्स टीम ने मुखबीर की सूचना पर दो अलग-अलग कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ 80 किलो डोडा-चूरा एवं अवैध मादक पदार्थ एमडी (मेफैड्रोन) सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

उक्त दोनों कार्यवाही केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कोटा-चित्तौड़गढ़ रोड पर राजस्थान नम्बर वाली मारुति वैन में अवैध डोडा-पोस्त ले जा रहा है। उक्त सूचना पर सीबीएन चित्तौड़गढ़-3 के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया।

गठित टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई। संदिग्ध वाहन और व्यक्ति की पहचान करने के बाद, उसे जिला-चित्तौड़गढ़ के बस्सी टोल प्लाजा के समीप रोक लिया गया। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मौके पर मौजूद टीम ने वाहन की तलाशी लेने तो कुरकुरे के पैकेटों के नीचे छिपाकर रखा गया अवैध मादक पदार्थ कुल 80.530 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद हुआ।

टीम ने मौके पर कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, बरामद डोडा चूरा को जब्त कर लिया गया और एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

एमडी बरामद:- केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि एक अन्य प्रकरण में नारकोटिक्स टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अजमेर-जयपुर राजमार्ग (अजमेर) पर अवैध मादक पदार्थ 362 ग्राम अवैध एमडी (मेफैड्रोन) बरामद कर स्कूटी पर सवार दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति अजमेर के परबतपुरा बाईपास से अजमेर-जयपुर राजमार्ग की ओर अपनी स्कूटी में छुपाकर प्रतिबंधित एमडी ले जाने वाले है। उक्त सूचना पर सीबीएन जयपुर के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को रवाना किया गया।

टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कडी निगरानी रखी गई। संदिग्ध स्कूटी और व्यक्तियों की पहचान कर ली गई और अजमेर-जयपुर राजमार्ग सर्विस लेन पर चरनाल पेट्रोल पंप के पास उन्हें रोक लिया गया और उसके बाद उक्त स्कूटी की तलाशी ली गई।

उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि तलाशी के दौरान, स्कूटी की सीट के नीचे रखे दो पॉलीथिन बैग में छिपाकर रखा गया कुल 362 ग्राम अवैध एमडी (मेफैड्रोन) बरामद किया गया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद, बरामद एमडी (मेफैड्रोन) और स्कूटी को जब्त कर लिया गया और एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

कोटा स्टोन को माईनर मिनरल श्रेणी में यथावत रखने की मांग को लेकर बिरला से मिला प्रतिनिधिमंडल

■ लोकसभा अध्यक्ष ने किया आश्वस्त, हर संभव स्तर पर वार्ता कर निकालेंगे समाधान

रामगंजमंडी, (निसं)। केंद्र सरकार के नन मंत्रालय द्वारा कोटा स्टोन को माईनर मिनरल से हटाकर मेजर मिनरल घोषित करने के निर्णय को लेकर रविवार को कोटा स्टोन एसोसिएशन और लाईम स्टोन माईनिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर कोटा स्टोन को माईनर श्रेणी में यथावत रखने की मांग की।

कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन व लाईम स्टोन माइनिंग एसोसिएशन संस्थानों के प्रतिनिधियों ने नरेंद्र काला के नेतृत्व में रविवार बिरला को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया कि इस निर्णय से क्षेत्र के हजारों उद्यमियों, व्यापारियों और श्रमिक परिवारों की आजीविका गंभीर रूप से प्रभावित होगी। कोटा स्टोन उद्योग की अधिकांश इकाइयाँ सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग श्रेणी की हैं, जो सीमित पूंजी, स्थानीय श्रमिकों और पारंपरिक तकनीकों पर आधारित हैं। मेजर मिनरल घोषित होने के बाद इन इकाईयों को भारतीय खान ब्यूरो से अनुमोदन, विस्तृत खनन योजना, उच्च रॉयल्टी दरों और जटिल केंद्रीय नियमों का पालन करना पड़ेगा जो छोटे खननकर्ताओं और उद्योगों के लिए अत्यंत कठिन एवं अव्यावहारिक है।

बिरला ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से की चर्चा:- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि कोटा स्टोन उद्योग हाड़ौती क्षेत्र की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, इस विषय पर हर संभव स्तर पर पहल की जाएगी।

बिरला ने इस विषय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से समाधान निकालने को लेकर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं केन्द्रीय खनन मंत्री से इस विषय पर वार्ता करेंगे साथ ही मंगलवार को दिल्ली में संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल की बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें इस विषय पर विस्तार से चर्चा होगी और समाधान का ठोस रास्ता निकाला जाएगा।

इस दौरान एसोसिएशन के सचिव अखलेश मेडतवाल और उपाध्यक्ष दिनेश डपकरा, विकास जोशी, निलेश डडडा, कमलेश गोईन, बाबूलाल मेघवाल, नवनीत बंसल, जुगल किशोर सुनेजा, मन्ना लाल गुर्जर, अब्दुल मुकीम, बब्ला सिंह आनंद, रोहित सेठी, ओम परेता, सतनाम सिंह, मनप्रीत सिंह आनंद, सोनू सूद, गौरव गर्ग आदि मौजूद रहे।

सार-समाचार

श्रीमद्भागवत कथा में उमड़े शहरवासी

बून्दी (निसं)। सर्व धर्म प्रेमियों के तत्वावधान में जवाहर नगर स्थित बालाजी मंदिर परिसर में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा व एकादशी व्रत उद्यापन के रविवार को सप्तम दिवस संत शिवमुनि महाराज ने सुदामा कृष्ण मिलन, चौबीस गुरुओं की कथा, तुलसी सालिगराम जी का विवाह के बारे में विस्तार से सभी श्रद्धालुओं को बताया। सभी श्रद्धालुओं में यह कथा सुन आनंद की लहर दौड़ गई। इसी के साथ श्रीकृष्ण जी के भजन भी सुनाए गए। संत शिवमुनि ने कहा कि राजा परीक्षित की भांति हमें भी भागवत कथा के सात दिन के श्रवण के साथ ही जीवन संवार लेना चाहिए, भागवत ही अंतिम औषधि है। संत शिवमुनि ने बताया कि आप लोगों ने जिस श्रद्धा भाव से कथा का श्रवण किया उस पर अमल करने से सुखी की प्राप्ति होती है। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रविवार को पांडाल में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। सजे धजे पांडाल में मुख्य यजमान छीतर सिंह कश्यप ने अपनी पत्नी कपूरी देवी के साथ हवन में आहुतियां देते हुए खुशहाली की कामना की गई। इसके बाद महाआरती की गई। अंत में संत शिवमुनि ने आयोजकों सहित पत्रकार बंधुओ का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पंडित भरत चौबे, मुकेश कश्यप, महेश कश्यप, दिनेश कश्यप, गिरधर गोपाल चित्तौड़ा, राजेंद्र कुमार शर्मा, कमर कश्यप, विष्णुदत्त शर्मा, कैलाशचंद डाबी, हिमांशु कश्यप, ओमप्रकाश शास्त्री, सुभाषचंद्र गौड, ओमप्रकाश गौतम सहित कई श्रद्धालु शामिल हुए।

बाइक चोरी का मामला दर्ज

मांगरोल (निसं)। नगर में बढ़ रही चोरियों की वारदात को देखते हुए मांगरोल में फिर एक बार मोटर साइकिल चोरी का मामला सामने आया, 25 अक्टूबर मीठे कुआ जमातखाना में शादी समारोह में गए मोहम्मद इलियास की मोटरसाइकिल 7:30 बजे बावर्डी के बाहर खड़ी कर शादी में सम्मिलित होने गया लेकिन शादी होने के बाद 10 बजे जब आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहां नहीं मिलने से आस पास पता करने के बाद भी मोटरसाइकिल नहीं मिली, इसलिए उसने पुलिस थाने में जाकर मोटर साईकिल चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया, लेकिन पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर 5 दिन तक जांच जारी रखी और 1 नवंबर को मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला दर्ज किया गया, मोहम्मद इलियास ने बताया कि मेरी हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल आर जे 28 4551 नंबर की है जो अज्ञात चोर मोटर साईकिल को चोरी कर के ले गया, ओर पुलिस चोरी होने मामला दर्ज कर जांच शुरु की

वी.डी.ओ.सीधी भर्ती परीक्षा 2025 सम्पन्न

बूंदी (निसं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर के निर्देशों के क्रम में ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2025 रविवार को बून्दी जिला मुख्यालय पर निर्धारित कुल 20 परीक्षा केन्द्रों पर एक पारी में प्रात: 11 बजे से दोपहर दो बजे तक आयोजित हुई। जिले में कुल 7056 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 6260 उपस्थित एवं 796 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति का प्रतिशत 88.72 रहा। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर राम किशोर मीणा द्वारा अवगत कराया गया कि परीक्षा सुचारू एवं शांतिपूर्ण संपन्न हुई। परीक्षा के सुचारू एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए प्रत्येक राजकीय केन्द्र पर एक व निजी परीक्षा केन्द्र पर दो केन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा के दौरान निरीक्षण हेतु 04 फ्लाइंग स्क्वायड दल गठित किये गए तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति की गई।

शालिग्राम तुलसी विवाह का पानी संस्कार कराया

मांगरोल (निसं)। एकादशी देवउठनी ग्यारस पर रविवार को राज मंदिर गोवर्धन नाथ जी पर विधि विधान के साथ पूजा करना कर उठाए गए गाजर मूली अवाला उठो बाबा सावला चढ़ा चना की भाजी उठो बाबा राजी राजी उठो बाबा राजी राजी घर घर में भी पूजा इतना कर दे उठाए गए आज से शादी विवाह का शुभ मुहूर्त शुभारंभ हो गया है। वही शहनाइयां बजने गगी,और देव सोहनी बंद हुये सावे को आज कातिक एकादशी से देवस्थान पर उपलक्ष में शालिग्राम तुलसी विवाह का पानी संस्कार कराया गया, गांव शहरों में भी शादी की शहनाई या बजने लगी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार आज कार्तिक शुक्ल एकादशी देवउठनी ग्यारस से भगवान विष्णु के अपना सायकाल पूर्ण कर वापस आने के बाद देवउठाये गये।

समपार फाटक 72 आज और कल बंद

छबड़ा (निसं)। छबड़ा-भूलोन स्टेशन के मध्य समपार फाटक 72 आज और कल बंद रहेगा। रेलवे सूत्रों के अनुसार छबडा-भूलोन स्टेशनों के मध्य स्थित मानव सहित समपार फाटक संख्या 72 तीन नवंबर से चार नवंबर तक बन्द रहेगा। रेल पथ का मेन्टेनेन्स कार्य ट्रेन संचालन के लिए अति आवश्यक है एवं यह समपार फाटक तीन नवंबर रात्रि 9 बजे से चार नवंबर सुबह 8 बजे तक रोड ट्रैफिक के लिए बंद रहेगा। इस गेट से निकलने वाले बड़े व छोटे यातायात वाहन गेट 71 छबडा से होकर रेल लाइन के किनारे कच्चे रास्ते से गेट 72 के किनारे से गुजरेंगे।

सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित

छबड़ा (निसं)। आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय के तत्वाधान में देवउठनी एकादशी पर कडैयाछत्री में सप्तशक्ति संगम सम्मेलन का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने बताया कि विद्या भारती की योजना से उच्च माध्यमिक विद्यालय कडैयाछत्री में सप्तशक्ति संगम का मुख्य वक्ता डॉ आशा भार्गव, उपाध्यक्ष आदर्श विद्या मंदिर समिति, मोनिका शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, विमला देवी मालव समाज सेविका द्वारा शुभारंभ किया गया।

तीन उपाधीक्षकों के तबादले

बूंदी (निसं)। बूंदी में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने शनिवार देर रात 180 आरपीएस अफसरों के स्थानांतरण की सूची जारी की। इसमें जिले के तालेड़ा, केशोरायपाटन और बूंदी एससी-एसटी सेल के उपाधीक्षकों का तबादला शामिल है। तालेड़ा में राजेश कुमार टेलर, केशोरायपाटन में अशोक जोशी को नई जिम्मेदारी दी गई है, जबकि बूंदी एससी-एसटी सेल के बाबूलाल रैगर का स्थानांतरण गढी, जिला बांसवाडा किया गया है। फिलहाल इनकी जगह नए अधिकारियों की नियुक्ति नहीं हुई है।

आज रात 12 बजे सौंपेगे शिवजी भगवान विष्णु को पृथ्वी का भार

■ पालकी में सवार होकर जाएंगे बाबा महाकाल

रामगंजमंडी (निसं)। शहर में बैकुंठ चतुर्दशी पर 03 नवम्बर सोमवार रात्रि को हरिहर मिलन का आयोजन होने जा रहा है। तीसरी बार हो रहे इस हरिहर मिलन का आयोजन रात्रि 11 बजे राजस्थान ऑयल मिल से शुरू होगा। जिसमें बाबा महाकाल पालकी में सवार होकर रात्रि 11 बजे शिव मानस मंदिर राजस्थान मिल से जुल्मी रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर की ओर प्रस्थान करेंगे, जहां सोमवार रात 12 बजे शिवजी भगवान विष्णु को पृथ्वी का भार सौंपेंगे।

पालकी रात्रि 12 बजे तक राधाकृष्ण मंदिर जुल्मी रोड पंहुचेगी। जहां मध्यरात्रि हरिहर मिलन कार्यक्रम शुरू होगा। हरि से हर के मिलन के बाद बाबा महाकाल पुन: पालकी में सवार होकर शिव मानस मंदिर पहुंचेंगे। पालकी शिव मानस मंदिर से शुरू होकर सरकारी कुआं, गोवर्धननाथ मंदिर, युवा दल, अंबेडकर चौराहा से होती हुई राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचेगी।

इस दौरान पालकी उठाने वाले श्रद्धालु श्वेत बंडी बनियान एवं धोती पहन कर आएंगे। इस वर्ष भी हरिहर मिलन में कईं नए और अनूठे आकर्षण देखने को मिलेंगे।

युवा शक्ति की ओर से आयोजित हरिहर मिलन में नगर के प्रत्येक प्रमुख स्थल और चौक चौराहों पर रंगोली बनाई जाएगी, तो वहीं भस्म रमैया भक्त मंडल रामगंजमंडी और उज्जैन द्वारा डमरू एवं झांझ की संगीतमय शिव आराधना भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस दौरान पालकी के परंपरागत मार्ग पर आते जाते भव्य आतिशबाजी भी की जाएगी।

क्या है हरि-हर मिलन की परंपरा:- स्कंद पद्म और विष्णुधर्मोत्तर पुराण के मुताबिक कार्तिक महीने के शुक्लपक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव और विष्णुजी का मिलन करवाया जाता है। रात में दोनों देवताओं की महापूजा की जाती है। रात्रि जागरण भी किया जाता है। माना जाता है कि चातुर्मास खत्म होने के साथ भगवान विष्णु के योग निद्रा से जागते हैं और इस मिलन पर भगवान शिव सृष्टि चलाने की जिम्मेदारी फिर से विष्णुजी को सौंपते हैं। भगवान विष्णु जी का निवास बैकुंठ लोक में होता है। इसलिए इस दिन को बैकुंठ चतुर्दशी भी कहते है।

खाली मकान में चोरी

कोटा, (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके के सुभाष नगर में चोरो ने खाली मकान में लगे लाईट व नल फिटिंग के सामान को चोरी कर ले गये। मकान मालिक ने चोरी की रिपोर्ट अनंतपुरा थाने में दर्ज कराई है। अनंतपुरा थानाधिकारी भुपेन्द्र सिंह ने बताया कि मकान मालिक अनंत कुमार शर्मा ने रिपोर्ट दी है।

गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व पर भवानीमंडी में नगर कीर्तन निकाला

भवानीमंडी, (निसं)। श्री गुरु नानक देवजी के 556वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भवानीमंडी नगर क्षेत्र में सवेरे अंतिम प्रभात फेरी के रूप में भव्य नगर कीर्तन निकाला गया।

नगर कीर्तन में पंज प्यारे की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की पवित्र सवारी निकली, जिसके पीछे सफेद ड्रेस तथा बसंती पगड़ी और चुन्नी धारण किए संगत गुरु नानकजी का गुणगान करते हुए चल रही थी। इस अवसर पर सिक्ख एवं सिंधी समाज ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर कीर्तन नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गुरुद्वारा साहिब में जोश के साथ समाप्त हुआ। संपूर्ण आयोजन में संगत का उत्साह देखते ही बनता था।

रास्ते में संगत द्वारा जगह-जगह फूल बरसाकर एवं आतिशबाजी कर स्वागत किया गया तथा प्रसाद वितरित कर गुरु महाराज की खुशियां प्राप्त की गई। नगर कीर्तन के दौरान संगत ने आसा दी वार के पाठ, शब्द कीर्तन का गायन करते हुए तथा जोशपूर्ण जयकारे लगाते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ज्ञातव्य है कि 5 नवंबर को संपूर्ण विश्व में गुरु नानक देवजी का प्रकाश पर्व बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। इस हेतु गुरुद्वारा साहिब में 3 नवंबर को अखंड पाठ साहिब आरंभ किए जाएंगे, जिनकी भोग समाप्ति 5 नवंबर को होगी। 3 नवंबर को सवेरे निशान साहिब के चोले साहिब की सेवा भी संपन्न की जाएगी।

दिनांक 5 नवंबर को विशेष दीवान सजाए जाएंगे, जिसमें शब्द कीर्तन, कथा-विचार तथा सरबत के भले की अरदास की जाएगी। साथ ही गुरु का अटूट लंगर सभी संगत के लिए सजाया जाएगा। बच्चों के लिए कवि दरबार का आयोजन होगा तथा शाम के दीवान की समाप्ति आतिशबाजी के साथ होगी। अध्यक्ष प्रितपाल सिंघ ने संगत से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गुरु महाराज के प्रकाश पर्व की खुशियां प्राप्त करें।

ट्रेन से गिरकर तीरंदाज खिलाड़ी की मौत

कोटा, (निसं)। रेलवे प्लेटफार्म पर ट्रेन से उतरते समय पैर फिसलने से ट्रेन के नीचे गिरने से तीरंदाजी के नेशनल प्लेयर की मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मामला शनिवार रात्रि का है, महाराष्ट्र की टीम से खेलने वाले तीरंदाजी के नेशनल प्लेयर अर्जुन सोनावाने अपनी पूरी टीम और कोच के साथ ट्रेन में सफर कर रहा था, कोटा जंक्शन पर ट्रेन से उतरते समय हादसा हो गया। हादसे में घायल खिलाड़ी को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जीआरपी थाने के हेड कांस्टेबल डालचंद ने बताया कि मृतक महाराष्ट्र के नासिक निवासी अर्जुन सोनावाने (20) था। वह अपनी टीम के साथ ट्रेन नंबर 09004 शकुर्बस्ती-मुंबई सेंट्रल एसी स्पेशल से सफर कर रहा था। हेड कांस्टेबल ने बताया कि ट्रेन शनिवार रात्रि को कोटा जंक्शन पर पहुंची, इस दौरान इस ट्रेन में सवार आर्चरी टीम के कुछ सदस्य भी थे, जो कोटा जंक्शन पर उतरने के लिए गेट पर आ गए थे। ट्रेन की स्पीड कम हो रही थी, इसी दौरान पैर फिसलने से अर्जुन ट्रेन के नीचे गिर गया, वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंस गया था। जिसे काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और हादसे में घायल को तत्काल उपचार के लिये एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से परिचित उसको निजि अस्पताल में ले गये जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हेड कांस्टेबल ने बताया कि मामले में सामने आया कि टीम के खिलाड़ी खेलने के लिये पंजाब के बठिंडा गये थे। पंजाब से वापस मुम्बई ट्रेन से लौट रहे थे कोटा स्टेशन पर ट्रेन से उतरते समय हादसा हो गया। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस टीम पर हुई चाकूबाजी का फरार ईनामी आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी चाकूबाजी के मामले में था फरार

कोटा, (निसं)। आरकेपुरम थाना क्षेत्र में चाकूबाजी के आरोपियों को पकड़ने गई पुलिस टीम के दो कांस्टेबलों पर हुई चाकूबाजी के मामले में फरार इनामी आरोपी को आरकेपुरम पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया। पकड़े गये आरोपी पर 25 हजार की इनाम राशि घोषित की हई थी। पुलिस टीम ने मामले में पूर्व में दो विधि से संघर्षरत बालकों को निरूद्ध किया था।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आरकेपुरम क्षेत्र में 20 अक्टुबर की रात्रि को हाईवे पर स्थित नयागांव टोल नाके पर स्कूटी सवार दो व्यक्तियों को रूकवाकर आरोपी रंजिश वश चाकू से हमला कर फरार हो गये थे। शहर एसपी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेकर हुए हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि 22 अक्टुबर को आरोपियों के क्षेत्र में होने की सूचना मिलने पर आरकेपुरम पुलिस टीम के दो कांस्टेबल मौके पर पहुंचे जहां पर तीन आरोपियो ने पुलिस जवानों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और जवानो की मोटरसाईकिल लेकर फरार हो गये।

शहर एसपी ने बताया कि आरोपियों ने आगे जाकर एक अन्य को चाकू दिखाकर उसकी बाईक छीन ली और पुलिस जवानों की मोटरसाइकिल को वहीं छोड़कर अन्य बाईक पर फरार हो गये थे। शहर एसपी ने बताया कि मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने फरार आरोपियों में से पूर्व में विधि से संघर्षरत दो बालकों को निरूद्ध किया था एवं फरार आरोपी की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन मे आरकेपुरम थानाधिकारी महेन्द्र मारू के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए फरार चल रहे 25 हजार के इनामी आरोपी आरकेपुरम निवासी राम चौपड़ा उर्फ बच्चा (20) को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पकड़े गये आरोपी पर पूर्व में जान से मारने की नियत से हमला करने सहित कई संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं।

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party. Format C-2

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of Political Party : INDIAN NATIONAL CONGRESS
*Name of Election : BY ASSEMBELY ELECTION - 2025
Name of State / UT : ANTA-193 (RAJASTHAN)

1.	2.	3.	4.		5.		
SL No.	Name of Constituency	Name of Candidate	(A) Pending Criminal Cases		(B) Details about cases of conviction for criminal offences		
	ANTA - 193 RAJASTHAN	PRAMOD JAIN "Bhaya"	Name of Court, Case No. & Status of the Case(s)	Sactions of the Acts concerned & brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed	Masimum Punishment Imposed
1			Fir No. 8/2024 Police Kotwali, Baran (Pending Investigation)	420, 384, 413, 426, 379,120B IPC And 4/21 MMRD	NIL	NIL	NIL
2			Fir No. 268/2024 Police Kotwali, Baran (Pending Investigation)	341, 382, 506, 120B IPC	NIL	NIL	NIL
3			Fir No. 271/2024 Police Kotwali, Baran (Pending Investigation)	384, 34 IPC	NIL	NIL	NIL
4			Fir No. 272/2024 Police Kotwali, Baran (Pending Investigation)	420, 409, 467, 468, 471, 120B IPC	NIL	NIL	NIL
5			Fir No. 509/2024 Police Kotwali, Baran (Pending Investigation)	420, 409, 467, 468, 408, 379, 120B IPC	NIL	NIL	NIL
6			Fir No. 02/2024 Police Station, Anta (Pending Investigation)	420, 406, 467, 468, 471, 120B IPC	NIL	NIL	NIL
7			Fir No. 60/2024 Police Station, Mangrol (Pending Investigation)	420, 467, 468, 120B IPC	NIL	NIL	NIL
8			Fir No. 205/2024 Police Station, Anta (Pending Investigation)	143, 283, 188 IPC	NIL	NIL	NIL

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Ramcharan Meena, President
DCC, Baran
Signature of officer bearer of the Political Party

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
(खाता सं.) L9001060117018308 **दिनेश शर्मा (ऋणी)**, श्रीमती सुलेखा शर्मा (सह-ऋणी)	14 अगस्त 2025 ₹ 751434/- रु. सात लाख इकयावन हजार चार सौ चौंतीस मात्र दिनांक 12 अगस्त 2025	सम्पत्ति स्थित खसरा नं. 133, प्लॉट नं. 20, आजाद कॉलोनी, रोसली रोड, तह. रामगंजमंडी, जिला - कोटा, राजस्थान **क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट**
(खाता सं.) L9001060823324053 **दिनेश (ऋणी)**	18 अगस्त 2025 ₹ 136087/- रु. एक लाख छत्तीस हजार सत्यासी मात्र दिनांक 12 अगस्त 2025	सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 1458, खसरा नं. 1360, गांव - धूलेट, तहसील - खंवस, जिला - कोटा, राजस्थान **क्षेत्रफल 1170 वर्ग फीट**
(खाता सं.) L9001060840017791 **दिनेश (ऋणी)**, श्रीमती नरमिता (सह-ऋणी)	18 अगस्त 2025 ₹ 187155/- रु. एक लाख सत्यासी हजार एक सौ पचपन मात्र दिनांक 12 अगस्त 2025	सम्पत्ति स्थित पट्टा नं. 1458, खसरा नं. 1360, गांव - धूलेट, तहसील - खंवस, जिला - कोटा, राजस्थान **क्षेत्रफल 1170 वर्ग फीट**
(खा